# माली सैनी सन्देश

सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता ....

वर्ष : 7 अंक : 83-84 16 जून 2012 मूल्य : 150/- रूपये वार्षिक





लवकुश बालिका गृह में पली बड़ी बेटियों का विवाह
हर्षोल्लास से सम्पन्न कर
श्री भगवानसिंह परिहार ने पिता का फर्ज पूरा किया...



हार्दिक बधाई

# अंकित देवड़ा

के एक साथ कई प्रतियोगी परिक्षाओं में रिकार्ड सफलता प्राप्त करने पर
हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

## अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



# श्रीमती सुशिला गहलोत

की 34वीं पुण्यतिथि
पर आपकी स्वर्गस्थ आत्मा को चिर शांति प्राप्त हो,
आपके द्वारा बताये आदर्शों पर प्रतिपल चलने का संकल्प ग्रहण करते है

: श्रद्धानवत :

## माली सैनी सन्देश परिवार


NO.RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 7 •अंक : 83-84 • मई-जून संयुक्तांक • मूल्य : 150/- वार्षिक

सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
( पूर्व पार्षद )

प्रेस फोटोग्राफर
जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज
रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर
इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

## इस अंक में

आवरण कथा

### समाजसेवी भगवान सिंह परिहार के लवकुश की 5 बेटियों के विवाह में उमड़ा शहर



समाज को शिक्षित करना अति आवश्यक- श्री राजेन्द्र गहलोत
शहीदों के बलिदान से मिलती है युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा- श्री अशोक गहलोत
आईएएस में चयनित महेशचंद्र सैनी का समाज ने किया सम्मान
श्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की
आरपीईटी में अंकित देवड़ा राजस्थान में प्रथम
आईआईटी पंहुचा लोहावट का अशोक टाक
गहलोत क्लासेज का एआई ईईई में फिर दबदबा
निखिल गहलोत ने 28 हजार स्ट्रा से बनाया 70.6 फीट लंबा ब्रिज
आप सभी पेंशनर शतायु हो- श्री चन्द्रप्रकाश देवड़ा
गहलोत ट्यूरोरियलस का भव्य उद्घाटन
पक्षियों के दाना पानी परिदें की सुविधा
बालाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा
जुलूस निकाल एसडीएम को ज्ञापन सौंपा
माली संस्थान द्वारा दी जाने वाली छात्रवृति जोधपुर के अलावा अन्य जिलों में क्यों नहीं दी जाती है ?
समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न
क्या आपके पास अपने देश के लिए दस मिनट का समय हैं ?

# सम्पादक की कलम से ...



# दहेज और महिला उत्पीड़न



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

**अभी हाल ही में दहेज लोभियों ने बालोतरा में समाज की एक बेटी को जला कर मार डाला। आज दुनिया इक्कीसवीं सदी में जा रही है लेकिन कुरीतियों के निवारण हेतु हमारे समाज की कोई भी संस्था किसी भी स्तर पर कोई कार्य नहीं कर रही है यह एक निदंनीय बात है**

दहेज प्रथा पर रोक लगाने के लिए हमारे देश में 1 जुलाई 1961 से दहेज प्रतिषेध अधिनियम लागू है जिसमें 1985 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए है। इसकी परिधी में आने वाले अपराधों को संज्ञेय, गैर - जमानती एवं अशमनीय घोषित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता में धारा 304 (ख) तथा 498 (क) को जोड़ा गया है। 304 (ख) में प्रावधान किया गया है कि जहां विवाह के सात वर्ष के भीतर किसी महिला की मृत्यु जल जाने से अथवा शारीरिक क्षति से अथवा असामान्य परिस्थितियों में हो जाती है और यह दर्शित किया जाता है कि दहेज मांग को लेकर परेशान किया गया था और निर्दयतापूर्वक व्यवहार किया गया था, तो उसे दहेज मृत्यु कहा जाएगा और उसकी मृत्यु का कारण उसके पति या रिश्तेदारों का माना जाएगा। इसमें न्यूनतम सात वर्ष एवं अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। धारा 498 (क) के तहत महिला के साथ उसके पति या रिश्तेदारों द्वारा निर्दयतापूर्वक व्यवहार में दहेज के लिए बार-बार परेशान करना एवं शराब पीकर उसके साथ मारपीट करना आदि सम्मिलित है।

उपरोक्त कानूनी प्रावधानों के उपरांत भी दहेज रूपी समस्या वैसी की वैसी है। कानून के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संशोधन के साथ हमें दहेज रूपी समस्या को जड़ से मिटाने के लिए समाज में महिलाओं की स्थिति और विवाह दोनों के प्रति अपने मूल दृष्टिकोण में परिवर्तन करना होगा। वर्षो से हमारी मनोवृत्तियां बनी है, उन्हें कानून बनाकर भी हम नहीं बदल सकते। महिलाओं में चेतना व जागरूकता पैदाकर हमें सामाजिक सोच व दृष्टिकोण बदलने की प्रक्रिया तेज करनी होगी, क्योंकि दहेज उत्पीड़न के कई मामले तो ऐसे सामने आए है जिनमें अपराधी कानून की गिरफ्त से साफ बच निकलते है और पुन: दहेज के साथ नई दुल्हन घर ले आते है। इसके लिए हमें हमारी मानसिकता में बदलाव लाना होगा और जनचेतना उभार कर ऐसे लोगों का बहिष्कार करना होगा ताकि दहेज हत्या के उपरांत कोई पुनर्विवाह की कल्पना भी न कर सके। जब तक नारी संगठन, समाज, न्यायपालिका व कार्यपालिका एक साथ दहेज रूपी दैत्य का प्रतिकार नहीं करेंगे तब तक दहेज के लिए बहुओं को जलाने की घटनाएं होती रहेगी।

हमें हमारे समाज में इस कुप्रथा के खात्मे के लिए हर संभव प्रयास करने के साथ ही शहरी विशेषकर ग्रामिण इलाकों में जन जागरूकता से समाज के सभी वर्गो को दहेज के विरोध करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही बिना दहेज विवाह करने वाले युवकों का प्रोत्साहान देना होगा। साथ ही समाज के सभी वर्गो को मिलकर कानून की जानकारी भी सभी वर्गो को देनी होगी। जिससे दहेज उत्पीड़पन से जुझ रहे परिवारों को सही मार्गदर्शन मिल सके तथा साथ ही एक ऐसी हेल्पलाईन बनानी चाहिए जो समाज की ऐसी कुरीतियों से पीड़ित परिवारों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास कर पीड़ित को न्याय दिलायें।

# समाज को शिक्षित करना अति आवश्यक- श्री राजेन्द्र गहलोत



**संत श्री लिखमीदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करते श्री राजेन्द्र गहलोत गुजरात विधायक श्री अनिल भाई माली एवं उद्योगपति श्री गंगाराम गहलोत एवं उपस्थित जनसमूह**

13 मई, 2012 नागौर। किसी भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा सर्वोपरि है। इसके बिना किसी मानव जीवन का समुचित विकास नहीं किया जा सकता, युवा पीढ़ी को इसके लिए आगे आना होगा।

ये कहना है पूर्व मंत्री एवं संत शिरोमणी लिखमीदास महाराज स्मारक संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत का। श्री राजेन्द्र गहलोत चेनार स्थित माली समाज भवन में संस्थान की आम सभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संत श्री के स्मारक की एक एक ईट समाज के लोगों के मनोबल को बढ़ाती है। सभा के प्रारंभ से पूर्व संत श्री लिखमीदास जी महाराज के चित्र पर अतिथियों ने पुष्पाजंलि अर्पित की।

आम सभा से पूर्व संत श्री नृसिंगदासजी, श्री संतोषगिरीजी, श्री राघवदासजी, श्री रामरतनजी, श्री आईदानरामजी, श्री चेतनगिरी जी के सानिध्य में संत श्री लिखमीदास जी महाराज के समाधि स्थल पर पूजा अर्चना कर समाज एवं देश में खुशहाली की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर गुजरात के विधाक श्री अनिल भाई, संस्थान के उपाध्यक्ष श्री मोती बाबा, सचिव श्री नरेन्द्र कच्छवाहा, कोषाध्यक्ष श्री बहादुर सिंह भाटी, श्री मनोहर परिहार, ज्योति बा फूले संस्थान के अध्यक्ष श्री मांगीलाल पंवार, मुंबई से श्री उम्मेदमल परिहार, श्री चैनाराम परिहार, समाजसेवी श्री ऊंकारराम कच्छवाहा, कालूराम सांखला, अहमदाबाद से श्री गंगाराम गहलोत, कालूभाई सोलंकी, नागौर नगरपालिका चैयरमेन श्री बरदीचंद सांखला, बालोतरा नगर पालिका चैयरमेन श्री महेश चौहान, माली समाज नगौर अध्यक्ष श्री कृपाराम देवड़ा, हरिद्वार माली समाज धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष श्री खुमसिंह गहलोत, मैसूर से श्री मोड़ाराम सांखला, सब्जी मण्डी पावटा अध्यक्ष श्री बंशीलाल सांखला, भीरूग्रुप के भंवरलाल सोलंकी, जालोर से श्री नाथू सोलंकी सहित सैकड़ों समाज सेवी बंधुओं ने संत श्री की समाधि के दर्शन किये तथा महा आरती में भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथी श्री अनिल भाई ने खुशी जाहिर करते हुए संस्था को समाज का वटवृक्ष बताया। उन्होंने ऐसी संस्थाओं का गठन दूसरे राज्यों में भी होने की बात कही। इसके साथ ही समाज के नेताओं को इस पावन धाम की सफलता पर संस्था सदस्यों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महात्मा ज्योति बा फूले संस्थान जयपुर के अध्यक्ष श्री मांगीलाल पंवार ने समारोह को व्यस्थित करने की बात कहते हुए कहा कि भामाशाहों को उनके स्थानीय जिले में सम्मानित करने की बात कही जिससे स्थानीय समाज के सभी वर्गो में इस कार्य के प्रति श्रद्वा बढ़े तथा साथ ही दानदाताओं की भी संख्या बढ़ सके। संस्थान के उपाध्यक्ष श्री मोतीबाबा ने समाज को राजनैतिक स्त्र पर संगठित करने की जरूरत बताई। श्री गंगाराम गहलोत ने अपने उद्‌बोधन में शिक्षा पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर संस्थान के सचिव श्री नरेन्द्र कच्छवाहा ने वार्षिक रिर्पोट पेश की तथा संस्थान को करीब 2 करोड़ रूपये रसीदों से, 3 लाख रूपये कूपनों से, 1. 67 लाख रूपये दान पात्र से प्राप्त हुए है। इसके साथ ही संस्थान ने 1 करोड़ की एफ. डी. आर. तथा 1.11 लाख रोकड़ बैंक में जमा होने की बात कही। इस अवसर पर भामाशाहों को सम्मानित करते हुए मोमण्टों, साफा, व स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये।

इस अवसर पर जयपुर के बिल्डर श्री सुभाष सैनी, श्री कालूराम सैनी, किसान नेता श्री भगवानाराम सैनी, श्री आईदानराम माली, श्री कालूराम सोलंकी, पुरूषोत्तम सोलंकी, श्री रामचंद्र देवड़ा, श्री जितेन्द्र परिहार, श्री बनवारीलाल माली, श्री पाबूराम सांखला, श्री अर्जुन सैनी, श्रीमती शारदा सैनी सहित देश के विभिन्न भागों से सैकड़ों समाजसेवियों, भामाशाहों ने इस पावन धरा पर संत श्री की समाधि दर्शन कर भव्य स्मारक के कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर सभी के लिए संस्थान की और से भोजन की समुचित व्यवस्था की गई।

### मुख्यमंत्री ने किया शहीद हजारीलाल सैनी की प्रतिमा का अनावरण

# शहीदों के बलिदान से मिलती है युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा– श्री अशोक गहलोत





जयपुर, 19 मई। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राजस्थान को त्याग, बलिदान एवं वीरों की भूमि बताते हुए हुए कहा कि कारगिल यु) में ही प्रान्त के करीब 80 सैनिकों ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों की देखभाल करने की जिम्मेवारी सरकार के साथ ही समाज की भी है।

श्री गहलोत शनिवार को अलवर जिले में कारोली निवासी सीआरपीएफ के हवलदार स्व.श्री हजारीलाल सैनी की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात खेड़ली कस्बे में आयोजित किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में सम्बोधित कर रहे थे। हवलदार हजारीलाल सैनी गत् 8 मई 2010 को छत्तीसगढ में नक्सलियों से संघर्ष के दौरान शहीद हो गये थे। शहीद की प्रतिमा अनावरण के पश्चात मुख्यमंत्री ने शहीद के पिता श्री रुपनलाल सैनी एवं पत्नी श्रीमती माया देवी को शॉल ओढाकर सम्मानित किया और उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी, श्रीमती इन्दिरा गांधी, श्री राजीव गांधी एवं सरदार बेअन्त सिंह आदि शख्सियतों के देश की खातिर दिये गये बलिदान का भी नमन किया और कहा कि शहीदों की प्रतिमाएं और शहीदों के बलिदान से युवा पीढी को राष्ट्र भक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने युवा वर्ग से राष्ट्रीय अखण्डता के लिये संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

श्री गहलोत ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गांव, गरीब, किसान व मजदूर का भी तेजी से विकास व आर्थिक सुदृढीकरण हो। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि सरकार ने आगामी रबी फसल में किसानों को आठ हजार करोड़ रुपये के फसली ;ण देने का निर्णय किया है और अपनी पूर्व घोषणानुसार किसानों को मिलने वाली बिजली की दरों में गत् साढे तीन वर्षो में कोई बढोतरी नहीं की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार दस लाख निर्धन परिवारों का पक्के घर का सपना अगले दो वर्षो में पूरा करेगी। उन्होंने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में चल रही मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण योजना और जननी शिशु सुरक्षा योजना से आम गरीब को सीधे लाभ मिलने लगा है और इससे निश्चय ही मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकेगी। उन्होंनें कहा कि पशुधन के महत्व को देखते हुए अब पशु औषधालयों में भी पशुओं के लिए दवा निःशुल्क उपलब्ध की जायेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी समाज, जाति व धर्म बिना शिक्षा के विकास नहीं कर सकते और राज्य में शिक्षा को बढावा देने की दृष्टि से सरकार ने 44 हजार छात्रा–छात्राओं को लैपटोप देने का निर्णय लिया है जिससे छात्रा–छात्राओं में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढेगी और इससे शिक्षा के स्तर में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि भरतपुर जिले में लम्बे इन्तजार के पश्चात चम्बल जल पहुंचा है और अलवर जिले में भी चम्बल का पानी लाने की दृष्टि से अगले दो माह में सर्वे प्रारंभ करा दिया जायेगा। इसके पश्चात योजना बनेगी और अलवर जिले में भी चम्बल का मीठा पानी आने लगेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में राजस्थान ही एकमात्रा प्रदेश है जहां 40 लाख परिवारों को प्रतिमाह दो रुपये किलो की दर पर गेहूं वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बीपीएल आवास की भांति शहरी गरीबों का भी निःशुल्क पक्के घर का सपना पूरा किया जायेगा। उन्होंनें कहा कि जो किसान एक लाख रुपये तक का ;ण समय पर चुकायेगा उसका ब्याज सरकार वहन करेगी।

समारोह में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जितेन्द्र सिंह ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम गरीब व्यक्ति के सीधे लाभ के लिये चलाई जा रही अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि समाज सेवा में लगे लोगों और युवाओं को इन योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्रा व्यक्तियों को दिलाने का प्रयास करना चाहिये। उन्होंने समाज में शहीदों के दर्जे को सबसे ऊपर बताते हुए कहा कि हवलदार हजारीलाल सैनी की शहादत ने ऐतिहासिक खेड़ली क्षेत्रा का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में भी निश्चय ही चम्बल का मीठा जल आयेगा। उन्होंने कहा कि राजगढ तहसील के ग्राम डेरा में एसएसबी की रिजर्व बटालियन, सैक्टर मुख्यालय, श्वान प्रशिक्षण व ब्रिडींग सेन्टर खुलने से हर साल एक लाख से भी अधिक होनेवाली भर्तियों में यहां के युवाओं को सीधा लाभ मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में शीघ्र ही 1200 करोड़ की लागत से मेडीकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा जिसके लिये जमीन आवंटित हो चुकी है। इस अवसर पर भरतपुर सांसद श्री रतनसिंह ने भी सरकार द्वारा आम गरीब के लाभ के लिये प्रारंभ की गई फ्लैगशिप योजनाओं को सराहनीय बताया और इनसे अधिकाधिक पात्रा व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का आग्रह किया। प्रारंभ में पूर्व विधायक श्री रमेश खींची ने मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रीगण का स्वागत किया। समारोह में ऊर्जा तथा सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री डा.जितेन्द्रसिंह, शिक्षामंत्री श्री बृजकिशोर शर्मा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री एमामुद्दीन अहमद दुर्रू मियां, सैनिक कल्याण राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र ओला, बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रान्तीय उपाध्यक्ष डा.कर्णसिंह, डांग विकास

बोर्ड के अध्यक्ष डा.सत्यनारायण सिंह, अलवर की जिला प्रमुख श्रीमती साफियाखान सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आईएएस में चयनित महेशचंद्र सैनी का समाज ने किया सम्मान





निवाई- रविवार की दोपहर गंगा-जमुना मैरिज गार्डन में माली समाज, निवाई के तत्वावधान में सम्मान समारोह में आईएएस में चयनित पीपलू निवासी महेशचंद सैनी का सीताराम सैनी के नेतृत्व में सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उप जिला प्रमुख, टोंक बाबूलाल सैनी ने कहा कि कठिन परिश्रम व लक्ष्य अर्जित करनेके निश्चय से सफलता अवश्य मिलती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिका निवाई के उपाध्यक्ष दुर्गालाल सैनी ने कहा कि जिस प्रकार महेश सैनी ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है उसी प्रकार समाज के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और उच्च शिक्षा में अपना स्थान निर्धारित करना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डश्च. लालचंद सैनी ने समाज के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा हेतु दोकम्प्यूटर सेट देन की घोषणा की। बलराम सैनी खण्डेला भी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर प्रतिभाशाली महेश सैनी ने बताया कि मैं एक गरीब परिवार से हूं मेरे माता-पिता किसान है मुझे मेरे भैया, माता-पिता व साथियों ने विकलांग होते हुए भी मेरा हौंसला बुलन्द किया और मैं कामयाब हो गया। उन्होंने बताया कि वे जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय से जनसंख्या विज्ञान से महानरेगा अध्ययन में ग्रामीण विकास में भूमिका और राजस्थान का स्थानिकअध्ययन द्धपीएचडीऋ कर रहा हूं। समारोह के संयोजक माली युवा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम सैनी, तहसील महामंत्री रामसहाय मुंशी, जगदीश मुंशी, ताराचंद मुंशी, मनोज अजमेरा, किशनलाल, भंवरलाल हलसोरा, गणेशराम सैनी, बाबूलाल हलसोरा, बाबूलाल , गोपीचंद चिकाना, रमेश सैनी, प्रहलाद मास्टर, प्रभु गंगाडा, नानगराम गंगाडा, शिवप्रकाश सैनी, मोहन सैनी, राजू अजमेरा, भानुप्रकाश व रतनलाल सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आरपीईटी में अंकित देवड़ा राजस्थान में प्रथम



जोधपुर। माली सैनी समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। समाज की होनहार प्रतिभा अंकित देवड़ा ने एक बार फिर साबित किया है कि कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से अगर आप कोई मुकाम हासिल करना चाहते हो तो उसे प्राप्त कर सकते हो। अंकित देवड़ा ने एआई ईईई में राजस्थान ओबीसी में 15वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार के साथ समाज को गौरवान्वित किया है। अंकित ने न केवल इस परिक्षा में बल्कि आई आई टी में भी पूरे भारत में ओबीसी श्रेणी में 375 वीं रैंक प्राप्त की है। अंकित देवड़ा की इस सफलता में कड़ी मेहनत और परिवार एवं गहलोत क्लासेज का अहम योगदान है। अंकित इसके साथ ही आई सेट में भी सामान्य वर्ग में 708 व ओबीसी में 99 वीं रैंक ऑल इंडिया लेवल पर प्राप्त की है। महात्मा गांधी जंयति 2 अक्टूबर 1993 को जन्मे अंकित देवड़ा ने पूर्व में भी कक्षा दशम में राजस्थान में 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे राजस्थान में 10वीं रैंक प्राप्त की थी। कक्षा 12वीं में भी अंकित ने सफलता प्राप्त करते हुए 95.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान में 9वीं रैंक प्राप्त की थी। अंकित के पिता श्री पृथ्वीसिंह देवड़ा एक मेकेनिक है तथा जोधपुर पावटा स्थित देवड़ा मोटर्स (मारूति सर्विस सेंटर) की ऐजर्सी है। अंकित के चाचा श्री नरेश देवड़ा ने बताया कि अंकित बचपन से ही पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहा है। अंकित अनुशासन प्रिय है तथा अपनी दिनचर्या में करीब 7 से 8 घंटे नियमित पढ़ाई करता है। अपने परिवार में सदैव सभी के प्रिय रहे अंकित ने साधारण परिवार से होते हुए भी अपनी माता पिता की आंकाक्षाओं पर खरे उतरते हुए सभी उच्च श्रेणी परिक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। अंकित के सर गहलोत क्लासेज के श्री अरूण गहलोत भी अंकित की सफलता के कायल है तथा अंकित की सफलता पर पूर्व में उसे नैनों कार भेंट की तथा अभी उसे स्कूटी पैप पारितोषिक के रूप में प्रदान की गई है।

अंकित का कहना है कि नियमित अध्ययन के साथ सही मार्गदर्शन के कारण ही उसे सफलता दर सफलता प्राप्त हो रही है। भविष्य में भी अंकित आई.आई.टी. में सफलता प्राप्त कर देश का नाम रोशन करना चाहता है। माली सैनी संदेश परिवार अंकित की इस सफलता पर हार्दिक बधाई प्रेषित करता है।

### गुदड़ी के लाल अंकित देवड़ा की एक साथ कई प्रतियोगी परिक्षाओं में रिकार्ड सफलता

- आरपीईटी में संपूर्ण राजस्थान में प्रथम स्थान
- एआई ईईई में संपूर्ण राजस्थान में 15वीं रैंक
- आई आई टी में संपूर्ण भारत में 375वीं रैंक
- आई सेट(ईसरो) में संपूर्ण राजस्थान में 99वीं रैंक



## आईआईटी पंहुचा लोहावट का अशोक टाक

कोटा शहरों से दूर गांव ढ़ाणी में रहने वाले बच्चे भी आईआईटी में जाने का सपना सच कर सकते हैं। ऐसा ही कर दिखाया है कि लोहावट के अशोक टाक ने। अशोक को आईआईटी में 423 वीं रैंक मिली है। अशोक की तरह अन्य बच्चे भी है जिन्होंने सफलता हासिल की है। अशोक टाक के पिता श्री गणेशराम टाक रिटायर्ड बीएसएफजवान है तथा मा श्रीमती राबड़ी देवी गृहणी है। अशोक टाक ने 5वीं तक स्कूली पढ़ाई करके नवोदय में चयनित हुए तथा अपनी शिक्षा वही की। आशोक टाक का एक भाई ड्राईवर व दूसरा टीचर व एक अकाउंटेंट है। अशोक टाक ने बताया कि वह कक्षा 9 से ही आईआईटी की तैयारी में जुट गया था। अब अशोक आईआईटी कानपुर सेएयरो स्पेस ब्रांच में बीटेक करना चाहता है।

# प्रदेश के दूरदराज से आए हजारों लोगों ने श्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की

## गहलोत के जन्म दिवस पर विभिन्ना आयोजनों में 1000 यूनिट रक्तदान किया गया।




जयपुर, 3 मई। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के 62 वें जन्मदिवस के अवसर पर आज प्रात: यहां उनके राजकीय निवास पर प्रदेशभर से आए हजारों लोगों ने श्री गहलोत से मिलकर उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामनाएं की। श्री गहलोत ने सभी की बधाई स्वीकारी तथा मुंह मीठा कराकर उनका आभार व्यक्त किया।

प्रात: साढ़े नौ बजे से ही श्री गहलोत को उनके जन्मदिवस की बधाई देने मुख्यमंत्री आवास पर भारी जन सैलाब उमड़ने लगा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक एवं राजनीतिक सहित विभिन्न क्षेत्रों, वर्गों एवं समुदायों से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की मुबारकबाद दी। बच्चों, बुजुर्गो, युवाओं, महिलाओं आदि ने सूत की माला, पुष्पगुच्छ, बधाई कार्ड, शुभकामना संदेश भेंटकर श्री गहलोत के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार किया। स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री को हैप्पी बर्थ डे कहकर और आप जीयो हजारों साल-साल के दिन हो पचास हजार जैस गीत सुनाकर अपनी शुभ्कामनाएं दी। लोग श्री गहलोत के जन्म दिवस के शुभकामना बैनर हाथ में लिये अपनी भावनाओं को दर्शा रहे थे। श्री गहलोत को उनके जन्मदिन पर विधानसभा अध्यक्ष श्री दीपेन्द्र सिंह शेखावत, सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री डॉजितेन्द्र सिंह उद्योग मंत्री श्री राजेन्द्र पारीक, राजस्व मंत्री श्री हेमाराम चौधरी, सार्वजनिक निर्माण मंत्री श्री भरतसिंह, शिक्षामंत्री श्री बृजकिशोर शर्मा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. बी.डी. कल्ला, आवासन मंडल के अध्यक्ष श्री परसराम मोरदिया, पूर्व मंत्री डॉ. चन्द्रभान, सांसद श्री अश्क अली टांक, महापौर श्रीमती ज्योति खंडेलवाल सहित राज्य मंत्रिपरिषद् के सदस्यों, संसदीय साचिवों, सांसदों, विधायकों, पंचायतराज एवं नगरीय निकायो के जन प्रतिनिधियों, विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलपतियों, विभिन्न अकादमियों, आयोंगों एवं बोर्ड के अध्याक्षों तथा सदस्यों, पत्रकारों आदि ने बधाई दी।



इनके साथ ही मुख्य सचिव श्री सी.के. मैथ्यू, पुलिस महानिदेशक श्री हरिश मीना सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी श्री गहलोत को बधाई देने मुख्यमंत्री आवास पहुंचे।

खादी एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री श्री बाबूलाल नागर के नेतृत्व में दूदू क्षेत्र से आए दो हजार से अधिक ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्री गहलोत को उनके स्वस्थ, सफल एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। अजमेर दरगाह तथा पुष्कर से आए लोगों ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर अपनी दिली मुबारकबाद दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी गई। केरल समाज की ओर से श्री गहलोत को पारम्परिक साफा पहनाया गया। राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष श्री दिनेश तरवाड़ी के साथ आए प्रतिनिधिमंडल ने जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री सहायता कोष में चैक भेंट:

मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्यक्ष श्री कमल मेहता ने 63 हजार रूपये तथा राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की ओर से 51 हजार रूपये का सहायता चेक भेंट कर जन्मदिवस की बधाई दी गई। इनके अलावा सहायता कोष में ही विभिन्न लोगों एवं संस्थाओं की ओर से 63 हजार रूपये की राशि के चेक भी भेंट किये गये।

जन्मदिवस पर पोस्टर का लोकार्पण:

श्री गहलोत ने इस अवसर पर भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मंडल, रम विभाग द्वारा प्रकाशित रम कल्याण ही जन कल्याण नामक फोल्डर का लोकार्पण किया। इस फोल्डर में राज्य सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण से





संबेधित योजनाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ बीमा योजना, न्यूनतम मजदूरी एवं विभिन्न कानूनों के अन्तर्गत श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी दी गई है। इस अवसर पर श्रम आयुक्त श्री राजेश यादव भी उपस्थित थें।

मुख्यमंत्री ने स्वच्छ नगर संस्था, जयपुर की ओर से प्रकाशित कुछ अपने शहर के बारे में सोचो', मार्ग रहेगा साफ तो ही घर पहचेंगे आप' के संदेश लिखें हुए पोस्टरों का विमोचन किया। ये पोस्टर पूर्व न्यायाधिपति श्री इन्द्रसेन इसरानी तथा डांग क्षेत्र विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण सिंह ने भेंट कर श्री गहलोत को जन्मदिन की बधाई दी। राजस्थान वालेंटरी हैल्थ एसोसिएशन एवं पुलिस आयुक्तालय जयपुर द्वारा जिन्दगी चुनिए तम्बाकू नही संदेश के साथ पोस्टर भेंट कर मुख्यमंत्री को जन्मदिन की मुबारकबाद दी गई। पुलिस आयुक्त श्री बी.एल. सोनी इस अवसर पर मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने जयपुर मेडिकल एसोसिएशन द्वारा संचालित 'बिटिया बचाओ' अभियान के तहत कन्या भ्रूण हत्या के विराध में एक पोस्टर का विमोचन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन तथा सचिव डॉ. सर्वेश शरण जोशी ने बताया कि एसोसिएशन ने अपने सामाजिक सरोकार एवं राज्य सरकार की मूल-भावनाओं के तहत कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु एक सतत् कार्यक्रम चलाया है। चिकित्सकों के साथ साथ आमजन को भी भागीदार बनाकर एक जन जागरण अभियान चलाया जायेगा।

श्री गहलोत ने जय मां वैष्णो देवी सेवा समिति की ओर से 13 मई को प्रस्थान करने वाली जयपुर से वैष्णो देवी कटरा तक 14वी पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। समिति के अध्यक्ष श्री अमरचन्द मंडावरा ने बताया कि यह पदयात्रा मोती डूंगरी गणेश मंदिर से प्रस्थान करेगी।

मुख्यमंत्री आशेक गहलोत ने अपना जन्मदिन सादगी से मनाया। बिड़ला संभागार में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपना जन्मदिन मजदूरों के बीच मनाया। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंहए प्रतिपक्ष की ने ता वंसुधरा राजेए गुजरात की राज्यपाल डॉ. कमलाए त्रिपुरा के राज्यपाल डी.वाई. पाटीलए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिाव मोहन प्रकाश और जोधपुर की राजमाता कृष्णा कुमारी सहित मंत्रीए विधायक और राजनेताओं ने गहलोत को बधाई दी।

मुख्यमंत्री का जन्मदिन उत्साह से मनाया

गहलोत की वर्षगांठ पर युवाओं ने किया रक्तदान मंदिरों में रूद्राभिषेक कर दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना कीए कार्य कर्त्ताओं ने अतिशबाजी कर मिठाइयां बांटीए कुष्ठ रोगियों को फलए निशक्तजनों को हियरिंग एडं किटए ट्राई साइकिल व व्हील चेयर वितरितए।

महिलाओं को दी अर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 62 वां जन्म दिन गुरूवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साह से मनाया और सामाजिक सरोकार के कार्य किए। जन्मदिन की खुशी में आतिशबाजी कीए केक काटे तथा मिठाइयां बांटी। इस मौके पर गरीब असहाय और निशक्तजन को उपकरण व कुष्ठ रोगियों को फल वितरित किए। मंदिरों में गहलोत की दीर्घायु के लिए रुद्राभिषेक किए गए। मुख्यमंत्री की आयु के बराबर 62 युवकों ने रक्तदान कर जन्म दिन का जश्न मनाया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्म दिन पर गुरुवार को शहर में कई कार्यक्रम हुए। मंडोर कृषि मंडी चौराहे से नंदलाल सारस्वत के नेतृत्व में निकली रैली कांग्रेस कार्यालय व राजीव गांधी चौक पहुंची। वहां पर जमकर आतिशबाजी की केक काटा तथा एक दूसरे को लड्डू खिला कर गहलोत के जन्मदिन की बधाई दी । रैली को महापौर रामेश्वर दाधीच व डॉ. अजय त्रिवेदी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इससे पहले सुबह गोल बिल्डिंग स्थित महादेव मंदिर व मकराना मोहल्ला स्थित पंचेश्वर महादेव मंदिर में वार्ड अध्यक्ष संजय गोड़ के नेतृत्व में 51 किलो दूध से रुद्राभिषेक कर उनके दीर्घायु की कामना की। राजीव गांधी चौक में महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीषा पंवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री गहलोत के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई।



बैनर पर लिखे बधाई संदेश

अखिल राजस्थान राज्य



कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से जालोरी गेट पर 15 फीट लंबा बैनर लगाया गया जिस पर लोगों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए जन्मदिन के बधाई संदेशक लिखे। महासंघ के जलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि इस बैनर पर जेडीए चेयरमैन राजेन्द्रसिंह सोलंकी पूर्व विधायक जुगल काबरा भारत सेवा संस्थान के संयोजक जसवंत सिंह कच्छवाहा जुगल भाटी व इकबाल खान सहित सैकड़ों लोगों ने अशोक गहलोत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर बधाई संदेश लिखे।

मेगा शिविर में उमड़े लोग

भारत सेवा संस्थान के संयोजक डॉ. अजय त्रिवेदी के नेतृत्व में संस्थान के प्रांगण में मेगा शिविर आयोजित किया गया। जेडीए अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह सोलंकी व जेएनवीयू के वीसी प्रो. भंवरसिंह राजपुरोहित ने शिविर का शुभारंभ किया। भाजपा विधायक कैलाश भंसाली ने मेगा शिविर में रोडवेज बस के लिए अपना कार्ड बनवाकर खुशी जताई। यहाँ पूर्व विधायक जुगल काबरा सुरेश व्यास पवन मेहता ट्रस्टी जसवंत सिंह कच्वाह सहित कई गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। शिविर में राज्य सरकार की पन्नाधाय जीवन अमृत योजना पन्नाधाय छात्रवृत्ति योजना विधवा पुत्री विवाह योजना आस्था कार्ड शहरी स्वर्णजयंती योजना के आवेदन पत्र भराए गए सीनियर सिटीजन ने रोडवेज के कार्ड बनवाए।

जन्मदिन पर 62 युवाओं ने किया रक्तदान

शहर कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी इकबाल खान के नेतृत्व में महात्मा गांधी अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 62वें जन्मदिन पर 62 युवाओं ने रक्तदान किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सईद अंसारी जेडीए अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह सोलंकी पूर्व विधायक जुगल काबरा डॉ. ओम कुमारी गहलोत समाज सेवी रणवीर सिंह कच्छवाह जसवंत सिंह कच्छवाह सुनील परिहार सुरेश व्यास पूनीत जांगू सहित कई लोग मौजूद थे। इस मौके सैनाचार्य ने गहलोत को आशीर्वाद दिया। वहीं अशोक उद्यान गेस्ट हाउस में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेश रामदेव के नेतृत्व में 101 युवाओं ने रक्तदान किया।

कहीं की दुआ तो कहीं हुए आयोजन

राज्य अजा जजा आयोग के अध्यक्ष गोपाराम मेघवाल देहांत अध्यक्ष हीराराम मेघवाल जुगल भाटी उप जला प्रमुख हीरालाल मुंडेल विजय लक्ष्मी पटेल नरेन्द्र चौहान ने बाबा रामदेव के मसूरिया मंदिर में मुख्यमंत्री के दीर्घायु के लिए दुआ की तथा टीबी अस्पताल में मरीजों को फल बांटे। निर्मला देवड़ा व शारदा चौधरी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए वजन मापने की मशीनें दीं। घांची महासभा के अध्यक्ष जुगल भाटी के नेतृत्व में केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। यूथ कांग्रेस सरदारुरा के अध्यक्ष हेमसिंह गहलोत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आंगणवा में नेत्रहीन बच्चों को फल, मिठाई, बिस्कुट, चॉकलेट बांटे। सत्यनारायण गौड़ में अखंड जोत के साथ प्रभात फेरी निकाल गई। जैन नवयुवक मंडल के सचिव पुखराज जैन ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर गरीबों को कपड़े व अनाज वितरित किया गया। सर्वधर्म युवा सभा व मारवाड़ जनजागरण युवा समिति के पोकर दास राठी ने बताया कि चौपासनी रोड पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। चांदपोल के बाहर विद्याशाला स्थित गणेश मंदिर प्रांगण में रूदाभिषेक ओर महामृत्युंजय जाप का आयोजन कर मुख्यमंत्री की दीर्घायु व कुशल स्वास्थ्य की कामना की गई। समारोह में महापौर रामेश्वरलाल दाधीच, जेडीए चेयरमैन राजेन्द्र सोलंकी, पूर्व महापौर ओमकुमारी गहलोत और पूर्व विधायक जुगल काबरा अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

पौधरोपण किया

मरुधरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं जोधपुर प्रदूषण निवारण ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में जेडीए अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह सोलंकी के आतिथ्य में पौधारोपण किया गया। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जोधपुर चैप्टर के महासचिव बी के गौड़ के अनुसार शास्त्री सर्किल पर काजरी के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. घीसालाल की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में मुख्यमंत्री की नि:शुल्क दवा सहित जनहित की योजनाओं को सराहा गया। गजसिंह कॉलोनी व नट कॉलोनी में काशीराम विश्नोई के नेतृत्व में जन्म दिन मनाया गया। कलाल कॉलोनी स्थित सिंधी पंचायत भवन में एक्यूप्रेशर का शिविर आयोजित किया गया। कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्ण कल्ला ने बताया कि पूर्व विधायक जुगल काबरा व शिव सिंह गहलोत के आतिथ्य में सीमा मांटेसरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राहुल गांधी ब्रिगेड के संभागाध्यक्ष सोहन सिंह गहलोत द्वारा कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री वितरित की गई।

बेहतर स्वास्थ्य की कामना के लिए किया हवन, मदर टेरेसा आश्रम में अनाथ बच्चों को बांटे फल

अलवर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन गुरुवार को कई संस्थाओं ने मनाया। सैनी समाज विद्यार्थी संगठन माली यूथ की ओर से बस स्टैंड स्थित प्राचीन भैरू मंदिर में यज्ञ हवन कर सीएम के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद हुई विचार गोष्ठी में सरकारी कल्याणकारी सोच के बारे में वक्ताओं ने विचार रखे। संगठन के जिला ग्रामीण अध्यक्ष प्रवीण सैनी के अनुसार सद्भावना एवं समर्पण दिवस के रूप में मनाए गए जन्मदिन समारोह के मुख्य अतिथि फल सब्जी मंडी आढतिया यूनियन सचिव चंद्रमोहन सैनी थे तथा अध्यक्षता उद्योगपति दिनेश टोंगड़ा ने की। संगठन की ओर से मदर टेरेसा अनाथ आश्रम सहित कई स्थानों पर बच्चों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर समाज के फूलचंद सैनी, विजय लखानी, थावन मल सैनी आदि मौजूद थे।

## शहर के प्रबुद्ध लोगों ने दिया वर-वधु को आशीर्वाद

# समाजसेवी भगवान सिंह परिहार के लवकुश की 5 बेटियों के विवाह में उमड़ा शहर



जोधपुर 3 जून। नवजीवन संस्थान की पांच बेटियों का विवाह समारोह रविवार को सूर्यनगरी जोधपुर में समस्त समाज की भागीदारी में धूमधाम से संपन्न हुआ।संस्थान के प्रभारी श्री भगवान सिंह परिहार ने बताया कि इन पांचों बालिकाओं को 8 वर्ष से 12 वर्ष की उम्र में विपरीत परिस्थितियों में मां बाप ने छोड़ दिया था तो कोई मां बाप की मौत हो जाने से अनाथ हो गई थी। बालगृह में इनकी परवरिश हुई ।

नवजीवन संस्थान में बालिकाओं के इस विवाह समारोह को लेकर शहरवासियों में भी खासा उत्साह नजर आया। यहां हर कोई इस आयोजन में अपनी भागीदारी निभाने को उतावला दिखा। शहरवासियों ने बारातियों की खातिरदारी भी जमकर की। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सोलहवें सेक्टर स्थित दशहरा मैदान में आयोजित समारोह के दौरान लोगों में उपहार देने के लिए होड़ सी मची रही। दुल्हन बनी मंजू, शारदा, संतोष, सोनू और ज्योति को जहां संस्थान परिवार के सदस्यों से बिछुड़ने का गम था वहीं नये जीवन की शुरूआत को लेकर चेहरे पर खुशी भी झलक रही थी।। बालिकाओं के दुल्हें उदयपुर के श्री शक्तिसिंह, पाली के श्री शिकान मूंदड़ा, श्री संदीप अग्रवालव श्री मुकेश कुमार तथा शिवगंज के श्री नीरज गट्टानी ने तोरण की रस्म पूरी की।

स्टेज पर पहुंचने पर दुल्हन बनी बेटियों की राह में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सभी बालिकाओं का विवाह वैदिक रीति रिवाजों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पूर्व में लवकुश गृह की ब्याही गई बालिकाओं को भी उनके ससुराल वालों सहित आमंत्रित किया गया। समारोह में विभिन्न समाजों के जनप्रतिनिधियों के साथ ही पाली कलेक्टर नीरज के. पवन, पूर्व महाराज गजसिंह, विधायक सूर्यकांता व्यास, समाजसेवी श्री राजेन्द्र परिहार, पूर्व जिला प्रमुख श्रीमति अमिता चौधरी, कथा वाचक प्रीति प्रिंयवदा, डॉ. बी. डी. गुप्ता, श्री रामकिशोर ओझा, श्री घनश्याम ओझा, चन्द्रा मेहता, श्री महेन्द्र लोढ़ा, श्री प्रणय गर्ग, श्री पीएम कुंभट, श्री सुमेरमल बोहरा, डा. वी. के राजदान सहित सर्व समाज के सैकड़ों जनप्रतिनिधियों ने नवयुगल को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व संस्थान की लड़कियों ने इस विवाह समारोह के लिए विशेष रूप से खरीददारी भी की। शहरवासियों में भी इस विवाह समारोह को लेकर खासा उत्साह झलका। हर कोई इस आयोजन में अपनी भागीदारी निभाने को उतावला था। ऐसे लोग भी बहुत थे जो कन्यादान करने के लिए उत्सुक थे। कोई अपनी ही बेटी का विवाह मान रहा है तो किसी को लग रहा है कि उसकी बहन की शादी है।

सगाई के दिन ही लड़कियों के ससुराल सीख का सामान भेज दिया गया था। संस्थान प्रभारी श्री भगवान सिंह परिहार ने बताया कि लड़कियों को टीवी, फ्रिज, वांशिग मशीन, मिक्सी, अलमारी, डबल बैड, बर्तन, दुल्हे के कपड़े आदि पहले ही भेज दिये गए है। बालिकाओं के कही किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी गई। संस्थान द्वारा ब्याही लड़कियों के ससुराल वालों को भी विवाह में शामिल करने का न्यौता दिया गया। विवाह संपन्न होने के बाद इन लड़कियों व उनके ससुराल वालों को भी सीख देकर विदा किया गया।

इन पांचों लड़कियों को संस्थान की ओर से करीब एक-एक लाख की एफडी बना कर दी जाएगी।

इसके अलावा जनसहयों से आने वाला कुछ पैसा बालिकाओं के भविष्य सुरक्षा के लिए दिया जाएगा। इस अवसर पर करीब 2000 बारातियों का भोजन को आयोजन संस्थान की कार्यकारिणी सदस्यों के ओर से किया गया था।

# गहलोत क्लासेज का एआई ईईई में फिर दबदबा





जोधपुर। गहलोत क्लासेज से एआई ईईई में 86से अधिक विद्यार्थियों ने चयनित होकर एक बार फिर पश्चिमी राजस्थान में गहलोत क्लासेज के संस्थापक, समस्त स्टाफ और अपने माता पिता को गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों का संस्था द्वारा माला पहनाकर, मुंह मीठा कर सम्मान किया गया।

संस्थापक श्री अरूण गहलोत ने बताया कि इस वर्ष भी गहलोत क्लासेज के विद्यार्थियों ने आरपीएमटी में सफलता के झंडे गाड़े है। आरपीएमटी से पूर्व आईआईटी–जेईई व बाहरवीं विज्ञान वर्ग में भी गहलोत क्लासेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर सफलता अर्जित की। श्री अरूण गहलोत ने बताया कि राजस्थान की टॉप 100 मेरिट में से गहलोत क्लासेज के 36 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया है तथा हर बार की तरह इस बार भी सिनियर हायर सैकण्डरी में 98 विद्यार्थियों ने फिजिक्स, केमेस्ट्री एवं गणित विषय में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पश्चिमी राजस्थान में अपना लोहा मनवाया है। संस्थान द्वारा आईआईटी–जेईई तथा आरपीएमटी में चयनित हुए विद्यार्थियों का सम्मान एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम समारोह स्व. ठे. प्रेमसिह गहलोत की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल भजन संध्या के साथ 9 जून को चैनपुरा स्कूल स्थित श्री अमृतलाल गहलोत स्टेडियम में किया गया।

श्री अरूण गहलोत ने बताया कि वर्ष 2012 की एआई ईईई में अंकित देवड़ा ने 15वीं रैंक प्राप्त की। हंसराज देवड़ा ने 300वीं रैंक, शीतल ने 928वीं रैंक, निखिल परिहार ने 969वीं रैंक, हिमांशु देवड़ा ने 1140वीं रैंक अर्जित की है।इसके अलावा संस्था ये कुल 85 विद्यार्थी चयनित हुए तथा अधिकांश विद्यार्थियों ने एआई ईईई में 12वीं के साथ सफलता अर्जित की जो इस वर्ष 2012 की आइ आइ टी–जेईई तथा आरपीएमटी के साथ साथ संस्था ने बड़ी उपलब्धि अर्जित की तथा सफलता का परचम फहराया।

इस वर्ष आरपीएमटी में हमारे संस्था के छात्र शुभम चौहान ने 92वीं रैंक एवं विशाल ने 405वीं रैंक, 12वीं के साथ पूर्वी कच्छवाहा ने 1070वीं व सूरज सहित 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इन सभी विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरण समारोह जोधपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सोलंकी की मुख्य आतिथ्य तथा संतोष आश्रम, सोजत के संत शिरोमणी स्वामी चेतनगिरी जी महाराज के विशिष्ट आतिथ्य तथा सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली की भव्य भजन संध्या में किया गया।


इस अवसर पर 12वीं विज्ञान वर्ग में गहलोत क्लासेज के प्रथम टॉप छात्र सुधीर प्रताप, आई आई टी– जे ईई में 15वीं रैंक प्राप्त करने वाले अंकित देवड़ा, व छात्र शुभम को आरपीएमटी में सलेक्अ होने पर पारितोषिक स्वरूप स्कूटी पेप प्रदान की गई।

गहलोत ने कहा कि संस्था हमेशा से ही विद्यार्थियों की कठिनाईयों को दूर कर अध्ययन तरफ रूझान बढ़ाती रही तथा स्थाई फैकल्टी टीम भी सम्बद्ध विषय में विद्यार्थियों की कठिनाईयों को दूर करने में कटिबद्ध रही है। भविष्य में भी कटिबद्ध रहेगी, ऐसा विश्वास दिलाते हुए इस महत्ती सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कठिन मेहनत एवं फैकल्टी टीम की अटूट लगन तथा संस्था के प्रति अभिभावकों के विश्वास को दिया है। इनका कहना है कि संस्था का यही प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों की विषयगत कठिनाइयों को दूर करके अध्यापन के प्रति उनके मनोबल को बढ़ाते हुए इससे भी श्रेष्ठ परिणाम देकर जोधपुर के नाम को गौरवान्वित करे।



# निखिल गहलोत ने 28 हजार स्ट्रा से बनाया 70.6 फीट लंबा ब्रिज

## इससे पूर्व भी अनेकों रिकॉर्ड बनाए निखिल गहलोत ने




जोधपुर। बी. टेक के छात्र निखिल गहलोत ने पिछले लंबे समय से तरह-तरह के मॉडल बनाकर रिकॉर्ड बनाए है। निखिल का सपना है कि वह पूरी दुनिया को अपना हुनर दिखाएं तथा दुनिया में रिकॉर्ड कायम करें।

इसी कड़ी में इस बार निखिल ने स्ट्रॉ से 70.6 फीट लम्बा ओवरब्रिज बनाने का रिकॉर्ड कायम किया है। निखिल ने इस ब्रिज को मात्र 16 दिन में बनाया है और ब्रिज को बनाने में कुल 28 हजार रंगबिरंगी स्ट्रो का उपयोग किया है। इस ब्रिज को बनाने में करीब 10 हजार रूपये का खर्चा आया है। ब्रिज में कुल 92 पीलर लगाए है। इस मॉडल का प्रदर्शन गौशाला मैदान के बैडमिंटन कोर्ट में रविवार को रॉयल हॉक युनाईटेड क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया गया।

निखिल का कहना है कि वह इस तरह मॉडल बनाकर दुनिया में छा जाना चाहता है। निखिल गहलोत ने पूर्व में भी कई किार्ड बनाए है। पूर्व में 35 फीट का मॉडल ब्रिज बनाया था, जिसमें 4300 आईसक्रीम चम्मच उपयोग में लिए थे। इसके अलावा 4500 इर्जर से टाईटेनिक जाहज व 30 फीट लम्बी पेपर टाई भी बनाई। यह तीनों रिकॉर्ड लिम्बा बुक ऑफ रिकॉर्ड व असीस्ट वर्ल्ड रिकॉर्ड से अनुमोदित है। निखिल वर्तमान में एसआरएम यूनिवर्सिटी में बी.टेक. द्वितीय वर्ष की शिक्षा प्राप्त कर रहा है। निखिल का ब्रिज के मॉडल बनाने का अहम उद्देश्य है कि वह तरह-तरह के ब्रिज बनाने में पूरी तरह पारंगत हो जाए।

निखिल इसी क्षेत्र में कार्य करना चाहता है। निखिल के पिता रेलवे में सिविल इंजिनियर है। भारत के बाहर के देशों में इस तरह के मॉडल बनाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है, जिसमें अच्छा एवं उपयोगी मॉडल मनाने वाले को पुरस्कृति किया जाता है।

निखिल का कहना है कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन हमारे भारत में भी होना चाहिए ताकि भारत के इंजिनियरिंग स्टूडेंट भी अपनी प्रतिभा का हुनर दिखा सके। एसे आयोजनों में अनेकों छात्र बढ़ चढ़कर भाग ले कर नये नये अविष्कारों को जन्म देगे। निखिल का कहना है कि इस तरह के मॉडल बनाकर वह रिकॉर्ड बनाने के साथ ही रक्तदान के प्रति जागृत भी करना चाहता है। आज भारत में रक्त की कमी के चलते अनेकों मरीजों की मौत हो जाती है। हमें इस हेतु अधिक से अधिक लोगों को जागृत करने के साथ ही रक्तदान के प्रति फैली भ्रातियों को मिटाना चाहिए। रक्तदान केवल मानव ही कर सकता हैं इसका निर्माण कहीं भी नहीं हो सकता है जरूरतमंद के समय पर रक्त उपलब्ध होने पर जीवनदान मिलता है।

# आप सभी पेंशनर शतायु हो– श्री चन्द्रप्रकाश देवड़ा




आप आज 75 वर्षीय पेंशनों का सम्मान समारोह मना रहे है मुझे बड़ा अजीब सा लगा। यहां पर आपकी सोच व मानसिकता यह बनी रहे कि आप 100 वर्षीय पेंशनर सम्मान समारोह मनाये। वेदों में 75 वर्ष के बाद सन्यास आश्रम को उल्लेख हैं 75 वर्ष के बाद स्वत: घर छोड़कर अलग कुटिया बनाकर मानव सेवा करनी चाहिये। देश को हरा भरा करने, समाज की कुरीतियां समाप्त कराने में मददगार बनना चाहिये।

राजस्थान माली सैनी समाज संस्था के प्रान्तीय अध्यक्ष श्रीचन्द्र प्रकाश देवड़ा ने राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा पावटा के 75 वर्षीय पेंशनर सम्मान समारोह में रा.उ.मा.वि. जालमसिंह का हत्था उ.मा.वि. में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मारवाड़ राजपूत सभा के संयोजक त्रिभुवन सिंह भाटी ने कहा पेंशनर समाज के दर्पण है वे आपने अनुभवों से हमें राह देखाते है। सभा पेंशनर देश के हित के लिये कार्यरत है। इस सम्मान समारोह में मेरे पिताजी व दादाजी तुल्य आप लोग है। आपके आशीर्वाद से ही हम फलीमूत हो सकते है। मेरा यह कर्तव्य बनता है कि मैं आपके कष्ट के समय में आपकी सेवा करने के लिए सदैव तत्पर रहूँगा। योग व्याख्याता एवं विशिष्ठ अतिथि विद्यानन्दशर्मा ने इस अवसर पर घुटनों, टकनों सारवाईवल दर्द, हाथों के दर्द से छुटकारा पाने के उपायों से परिचित कराया। उन्होने बताया पहले से आधा भोजन दुगुना पानी, तिगुनाश्रम और जोर से हंसना व सदा मुस्कराना ही इस उम्र में आपके लिये टोनिक का कार्य करता है। विशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर शोभा गुप्ता महेश बी.एड. प्रशिक्षण महाविद्यालय ने अपने उदबोधन में बताया कि श्री चन्द्र प्रकाश देवड़ा के सहयोग से निशुल्क योग प्रशिक्षण सर्किट हाऊस के सामने, लक्ष्मी नगर पार्क नं. 1 में नृसिंग विहार लाल सागर मथुरादास माथुर अस्तपाल के पीछे सेक्टर 66 में और अग्रसेन पार्क शास्त्री नगर, भदवासिया सामुदायिक केन्द्र में प्रारम्भ दिये गये थे। जिसके द्वारा जोधपुर शहर के 11 हजार 5 सौ 72 लोगो को अब तक प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा चुका है। वे स्वस्त, स्वस्त और मस्त है।

संयोजक रमेश देवड़ा में इस अवसर पर बताया कि हमारा उद्देश्य जोधपुर शहर के प्रत्येक नागरिक को अपने स्वस्थ्य के प्रति राचेत करना है। राजस्थान पेंशनर समाज के साथी जोधपुर शहर को रोग मुक्त करने के संकल्प के साथ अपने कार्य क्षेत्र में लगे हुए है। हम राजस्थान पेंशनर समाज के लोग आर.ए.एस. से चपरासी व फरास तक के पेंशनर को एक सा सम्मान देते है। प्रो बीना भटिया में सकारात्मक सोच पर बल दिया। हमारा उद्देश्य सभी पेंशनर स्वस्थ व जागरूकता बने। प्रारम्भ में बाबू लाल सांखला अध्यक्ष उप शाखा पावटा से सभी अतिथियों को माला, शॉल देवभाटिका का तथा बेग देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जोधपुर जिले की उपशाखाओं के अध्यक्षो, जिला कार्यकारिणी सदस्यों को सम्मानित किया गया। बिलाड़ा उपशाखा के अध्यक्ष रामलाल सोलंकी, पूर्व जिलाध्यक्ष पी.आर. उपाध्याय को साफा, शॉल, बेग, वेद वाटिका पुस्तक देकर सम्मानित किया गया तथा परामर्श दाता बलवीरसिंह गहलोत में आभार व्यक्त किया।

# पक्षियों के दाना पानी परिदें की सुविधा

मगरा पूंजला स्थित चतुरावता बेरा पर पक्षियों के लिए दाना पानी परिदे की सुविधा की गई।

नरसिंहजी प्याऊ मार्केट एसोसियेशन के अध्यक्ष जगदीश देवड़ा ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी जयवीर कृष्ण, कुमकुम, तनु, रितु, टिवकंल देवड़ा और संगीता कच्छवाह ने पक्षियों के लिए पानी के लिए परिन्दा लगाये। हर रोज सुबह परिन्दा पानी और बाजरी, गेहूं जो और चना डालना। जिससे कबुतर, बुलबुल, तोता, मैना, कमेड़ी, टिटोड़ी, मोर, गिनहरी, तितर, बेलियां और रंग बिरंगी चिड़ियों आदि। पक्षियों अपना दाना पानी लेते है।

अप्रेल, मई और जून में खेतों में बाजरी और गेहूं की फसल नहीं होती है। जिससे पक्षियों को दाना और पानी की समस्या रहती है।



# गहलोत ट्यूरोरियलस का भव्य उद्घाटन



जोधपुर। मगरा-पूंजला स्थित शिव पब्लिक स्कूल के सामने, "गहलोत ट्यूटोरियलस्" का भव्य शुभारम्भ किय गया। संस्थान के निर्देशक श्री सुनिल गहलोत ने बताया कि मुख्य अतिथि श्रीमति अमिता परिहार (निर्देशक-शिव पब्लिक स्कूल), विशिष्ट अतिथि श्री भंवरलाल गहलोत, श्री ईश्वरलाल गहलोत, श्री माधुराम परिहार एवं श्री रामदयाल गहलोत ने विधि-विधान से फीता काटकर भव्य शुभारम्भ किया।

इस क्षेत्र में काफी समय से कक्षा 1 से 12 तक सभी विषयों की ट्यूशन सेन्टर की जरूरत थी। सुनील गहलोत ने कहा कि 25 मई से 25 जून तक नि:शुल्क ट्यूशन करवाया जायेगा। इस अवसर पर सचिन सोलंकी, पवन गहलोत, विपिन भाटी, ऋषभ टाक, भवानी गहलोत, लक्षिता भाटी, कमल भाटी, खुशवन्त गहलोत, कुणाल गहलोत, गौरव गहलोत, संजय गहलोत, रौनक गहलोत, कुलदीप साँखला, कविता कच्छवाहा, महेन्द्रसिंह गहलोत, मदनसिंह देवड़ा, सज्जनसिंह भाटी, मंजू भाटी, छगन गहलोत, चेतनजी गहलोत, सुरेन्द्र गहलोत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### विवेकानन्द तथ्य...

**अपने भीतर के मनुष्य को वश में कर लो, मानव मन के सुक्ष्म कार्यो के रहस्यों को समझ लो**

---

**काम आरंभ करो**
**शेष सब कुछ अपने आप हो जायेगा**

---

**अपनी वर्तमान अवस्था के जिम्मेदार हम ही है ओर जो कुछ हम होना चाहें उनकी शक्ति भी हमीं में है**

# बालाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा





मगरा पूंजला स्थित तिरूपति बालाजी नगर में बालाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हुआ। आयोजन के संयोजक खिंवराज परिहार ने बताया कि कलश यात्रा 27 अप्रेल 2012 को सुबह 8 बजे तिरूपति बालाजी नगर से रवाना होकर बोडियाला बेरा, बाकिया बेरा, हिराला बेरा, रावला बेरा, खेडिवाला बेरा, माता का थान होते हुये वापस तिरूपति बालाजी मंदिर पहुंची। इस कलश यात्रा में साधु-संतो के साथ स्थानीय महिलाओं ने बढ चढ कर भाग लिया। दिनांक 28 अप्रेल 2012 को सुबह हवन का आयोजन किया गया जिसमें 7 जोड़ों ने मंत्रोच्चार के साथ गायत्री यज्ञ किया। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में तिरूपति बालाजी नगर, बोडियाला बेरा व बाकिया बेरा के निवासियों ने भी पूरे समर्पण भाव के साथ सहयोग प्रदान किया।

मूर्ति स्थापना : 28 अप्रेल 2012 शनिवार संवत् 2069, वैशाख सुदी सप्तमी को प्रात: 11 बजे बालाजी, गणेशजी, बाबा रामदेवजी, तेजाजी, शिवलिंग, विश्वकर्मा जी, श्रीयादे माता जी सहित इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोउच्चारण के साथ की गई। दोपहर 1 बजे विशेष आरती तथा सांय 7 बजे प्रसादी एवं रात 10 बजे संगीतमय जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक खिंवराज परिहार, शक्तिसिंह परिहार, सीताराम परिहार, हिम्मतसिंह परिहार, बद्रीलालउ परिहार, मंगल सुथार, भंवरलाल सुथार, गजेन्द्र परिहार सहित इत्यादि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सोलंकी अध्यक्ष जोधपुर विकास प्राधिकरण, विशिष्ट अतिथि किशोरसिंह टाक पार्षद वार्ड 62 एवं नरसिंह सुथार पार्षद वार्ड 61 का साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम के संयोजक खिंवराज परिहार को माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।


**हार्दिक बधाई**

**श्रीमती कमलादेवी**

**धर्मपत्नी**

**श्री मेघसिंहजी गहलोत**

के विवाह की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

शुभेच्छु : हरीसिंह बलवीर गहलोत

रितू स्टुडियो, देवड़ा मार्केट, मगरा पूंजला जोधपुर

मो. : 94149 14846




### दहेज पीड़िता कमला देवी के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

# जुलूस निकाल एसडीएम को ज्ञापन सौंपा




दहेज विरोधियों की गिरफ्तारी की मांग लेकर ज्ञापन देने जाते माली समाज के लोग एवं दहेज हत्या के विरोध में रैली निकालते समाज के लोग

बालोतरा। माली सैनी समाज की ओर से मंगलवार 5 जून को सैकड़ों महिलाओं पुरूषों ने जुलूस निकालकर कमलादेवी के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करने और जांच बदलने की मांग की। उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे समाज के लागों ने एसडीएम के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

गिरफ्तारी की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय पहुंचे लोगों ने पुलिस की लापारवाही पर रोष जताया। ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया कि 29 मई, को कमला देवी के ससुराल वालों में उसके पति, सास, ससुर व ननदों ने मिलकर दहेज नहीं देने पर उसे जीवित जला दिया। इसके बाद उसकी जोधपुर महात्मा गांधी अस्पताल में मौत हो गई थी। इस घटना के संबध में पुलिस थाना बालोतरा में मामला दर्ज है।

मामले की जांच पुलिस उप-अधीक्षक बालोतरा कर रहे है। वही माली सैनी समाज के लोगों का आरोप है कि जांच अधिकारी की ओर से प्रथम सूचना में दर्ज गवाहों व मृतका के माता - पिता के आज तक बयान नहीं लिए गए है। जबकि मुल्जिम पक्ष में पांच गवाहों के काल्पनिक बयान लेकर पति के अलावा शेष आरोपियों को बचाया जा रहा है। इन्हीं आरोपों के साथ समाज के लोगों ने रोष जताते हुए प्रकरण के नामजद आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग के साथ ही समय रहते कारवाई नहीं हुई तो छत्तीस कौम की ओर से भूख हड़ताल की जाएगी।

## समृद्धि सोसायटी की बैठक संपन्न



सिरोही। दिनांक 12.05.2012 को समृ) क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., सिरोही की ओर से कर्मचारी एवं अभिकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रधान कार्यालय एवं शाखा सिरोही के कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं ने भाग लिया।

सोसायटी के अध्यक्ष श्री प्रकाश बी. माली ने सर्वप्रथम कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं को मार्च महिने के टारगेट उपलब्धि हेतु धन्यवाद दिया। साथ ही बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि वित्तिय वर्ष 2011-2012 में संस्था ने जो उपलब्धि हासिल की हैं उसका मुख्य कारण आप लोगों की मेहनत, परिश्रम का नतीजा हैं। उसके साथ ही आगामी वित्तिय वर्ष 2012-2013 हेतु टारगेट आवंटन कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु मार्गदर्शन दिया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री पुखराज गहलोत ने ऋण सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि हमारी संस्थान ने इस वाहन ऋण सुविधा आसान शर्तो मय न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाने की योजना लागू कर रही हैं जिससे आमजन को ऋण उपलब्ध करवाकर सुविधा उपलब्ध करवाना हैं। महाप्रबन्धक श्री कैलाश प्रजापत ने कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं को पर्सनल डवलमेन्ट के तहत कार्य करने पर प्रकाश डालते हुए समस्त कर्मचारी एवं अभिकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

बैठक में प्रबन्धक देवीलाल हीरागर, राजेन्द्र सेन, ललित, अशोक, मुकेश, सुरेन्द्र लोढा, अभिकर्ता हरिश माली, भूवनेश माली, अनिल, अर्जुन, प्रकाश, मोहनलाल आदि उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजना

## मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना

प्रथम बार राज्य में 2 अक्टूबर, 2011 से लागू इस योजना के तहत समस्त राजकीय संस्थानों में बी.पी.एल. के साथ साथ अन्य सभी मरीजों को सर्वाधिक आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।

**मुख्य बिन्दु :** इस योजना में कम लागत में गुणवत्तावूर्ण चिकित्सा सेवाएं दी जा रही है। आम जनता द्वारा चिकित्सा चितिकत्सा - उपचार पर होने वाले खर्च में कटौती होगी। धन अभाव में अब कोई चिकित्सा से वंचित नहीं रहेगा।

**लाभार्थी :** राजकीय अस्पताल में अपने उपचार के लिए आने वाले समस्त बहिरंग (आउटडोर) मरीज। राजकीय अस्पताल में भर्ती होने वाले अन्तरंग (इनडोर) मरीज। थैलेसीमिया और हिमोफिलिया से पीड़ित मरीज। समस्त राजकीय अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत राज्यकमी। (पेशनर्स)। सेवानिवृत राज्य कर्मचारियों के लिए डायरी व्यवस्था पूर्ववत जारी रहेगी। चिन्हित 12 श्रेणियों के अलावा रोगियों को ''मुख्यमंत्री जीवन रक्षा कोष''के अन्तर्गत पूर्व की भांति लाभा मिलता रहेगा।

**प्रमुख बिन्दु :** औषधियों के भण्डारण हेतु सभी जिलों में पूर्ण व्यवस्थित जिला औषधि भण्डार स्थापित किए गए हैं, जिनसे सभी राजकीय अस्पतालों को दवाओं की निरन्तर आर्पूति की जाएगी। दवाओं की गुणवत्ता ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री द्वारा की जाएगी। चिकित्सा संस्थानों पर दवा वितरण हेतु आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में निःशुल्क दवा वितरण केन्द्रों की स्थापना की गई है। दवाओं की आपूर्ति सभी जिला मुख्यालयों पर स्थापित 34 औषधि भंडारों एवं विभिन्न चिकित्सा संस्थानों जैसे मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पताल, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि पर स्थापित किए गए लगभग 15 हजार से अधिक दवा वितरण केन्द्रों से सुनिश्चित की गई है। आउटडोर रोगियों हेतु दवा वितरण केन्द्र ओपीडी के समायानुसार खुले रहेंगे। इनडोर मरीजों के लिए दवा वितरण केन्द्र 24 घंटे खुले रहेंगे।

सभी मरीजों को चिकित्सकों द्वारा लिखी गई पर्ची को प्रस्तुत करने पर ही दवाइयाँ दी जाएंगी। चिकित्सा द्वारा मरीज को दो पर्चिया दी जाएंगी, जिनमें से एक पर्ची मरीज को दवा लेने के उपरांत प्राप्ति हस्ताक्षर करवा कर दवा वितरण केन्द्र पर रिकार्ड के लिए सुरक्षित रखी जाएगी व दूसरी मरीज के पास रहेगी।

विश्व रक्तदान दिवस

# रक्तदान महादान

*हर धर्म हर मजहब यही कहता है,*
*खिदमत कर इंसान की, उसमें भगवान रहता है*

हम लाल भारत माँ के

रक्तदान : राष्ट्र के नाम

## मुझे रक्तदान क्यों करना चाहिए ?

क्योंकि आप ही इसके एकमात्र स्त्रोत है।
क्योंकि कई रोगियों को इसकी आवश्यकता है।
क्योंकि आप स्वस्थ है।
क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होता है।
क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होता है।
क्योंकि आप दूसरों की परवाह करते है।

## रक्तदान करने पर क्या मुझे कमजोरी महसूस होगी ?

आपके शरीर में 76ml./f Body Weight के बराबर रक्त होता है परन्तु वास्तव में आपको 50ml./kg. of Body Weight रक्त की आवश्यकता ही है। 26ml./kg. of Body Weight आपमें Exces होता है और आप रक्तदान में सिर्फ 8ml./kg. of Body Weight ही रक्त देते है आपके शरीर में लगभग 5-6 लीटर रक्त होता है आप केवल 350-450 मि. लिटर रक्त दान करते है जो कि 24 से 36 घंटों के अन्दर आपकी रक्त प्रणाली द्वारा वापस बन जाता है आप रक्तदान करने के तुरंत बाद ही अपने दैनिक कार्य कर सकते है।

## क्या यह हानिकारक है?

नहीं कभी नहीं किसी भी रक्तदाता से पूछें।

## रक्तदान करने पर क्या मुझे एड्स और हिपेटाइटिस जैसी बीमारियां हो सकती है?

यह संभव नहीं है, रक्त इक्ट्ठा करने के लिए डिस्पोजेबल सामान ही उपयोग में लिए जाते है। रक्तदाता को रोग संक्रमण का कोई खतरा नहीं है।

## मुझे यह कैसे पता चले कि मैं रक्तदान करने योग्य हूँ ?

आपके द्वारा रक्तदान तभी किया जा सकता है जब आपका हिमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से अधिक हो व चिकित्सक द्वारा स्वस्थय बताए गए हो, आपकी उम्र 18-60 वर्ष के मध्य हो, आपका वजन 45 किलो से अधिक हो, अगर हो, अगर आपको कभी कोई बीमारी हुई हो तो कृपया चिकित्सक को जरूर बताएं यह आपके व मरीज की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

## मुझे रक्त क्यों देना चाहिए जबकि मैं उसे खरीदने में समर्थ हूँ।

जो रक्त आप पैसे से खरीद सकते है जरूरी नहीं कि वह बीमारी रहित हो इस रक्त के साथ बीमारी मरीज तक पहुँच सकती है। क्या आप किसी प्रियजन की जिन्दगी को खतरे में डालना चाहते है ?

## खरी-खरी

# माली संस्थान द्वारा दी जाने वाली छात्रवृति जोधपुर के अलावा अन्य जिलों में क्यों नहीं दी जाती है ?

प्रति वर्ष माली संस्थान द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान करने का कार्यक्रम जोधपुर में आयोजत किया जाता है। इस कार्यक्रम को भविष्य में जोधपुर संभाग के विभिन्न जिलों (पाली, जालोर, बाड़मेर, नागौर, जैसलमेर, सिरोही इत्यादि) में आयोजित किया जाये। जिससे वहां के विद्यार्थियों व अभिभावकों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े तथा उनके क्षेत्र में हुए सम्मान समारोह से स्थानीय संस्थानों को सामाजिक गतिविधियों के आयोजन हेतु प्रेरणा मिलेगी । वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों से छात्रवृति के लिए आने वाले प्रतिभावान छात्र जोधपुर अपने अभिभावकों के साथ आने जाने पर आर्थिक भार पड़ता है।

संस्थान अध्यक्ष को ऐसे आयोजन जोधपुर के अलावा अन्य क्षेत्रों में करने के लिए अनेकों बार सुझाव दिये गये पिछली आम सभा में भी इस हेतु निवेदन किया गया था। क्योंकि जोधपुर शहर में शिक्षा के प्रति समाज के सभी वर्गो में जागरूकता है असल जागरूकता तो हमारे छोटे शहरों एवं गांवों में रह रहे विद्यार्थियों में नहीं है इसके लिए संस्थान को वहां जाकर ऐसे आयोजन करने चाहिए जिससे वहां समाज के सभी वर्गो के बीच छात्र का सम्मान होने पर अन्य विद्यार्थियों में भी शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ेगी साथ ही ग्रामीण परिवेश में रह रहे समाज के माताओं-पिताओं को भी शिक्षा का महत्व तथा शिक्षा के प्रति उनके सोच में बदलाव आएगा आज भी हमारे समाज के ग्रामीण परिवेश में विद्यार्थी विशेषकर छात्राएं उच्च शिक्षा हेतु परिवारिक दबाव से कॉलेजों एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश नहीं ले पाती है।

ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्गो एवं समाज की क्षेत्रीय संस्थानों के सहयोग से प्रतिभावान सफल विद्यार्थियों को छात्रवृति देने के अलावा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रतिशत के आधार पर वर्ष भर की शिक्षण फीस, किताबें, बैग, शिक्षण सामग्री इत्यादि आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो को संबल मिलेगा साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। समाज का उत्थान तभी संभव है जब बड़े शहरों के साथ ही छोटे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर सुधरें जिससे वे अपनी आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के महत्व को समझा सकें तथा समाज में उच्च पदों पर आसीन हो समाज व देश की सेवा करें।

आज तक इस तरह के आयोजनों को जोधपुर में करवानें के पीछे संस्थान अध्यक्ष का मकसद केवल और केवल अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना है । समाज के उत्थान हेतु पिछले नो वर्षो में संस्थान अध्यक्ष के कार्यकाल को देखा जाए तो केवल दो आयोजन ही मुख्य है पहला छात्रवृति व दूसरा पिछले तीन साल से सामूहिक विवाह (जिसमें भी अब समाज के लोगों का रूझान नहीं रहा)।

क्या ? साल भर में केवल दो आयोजनों से लाखों की जनसंख्या वाले समाज में जागृति आ जायेगी, जरा सोचिए ? हमें समाज को सदृढ़ करने के लिए शिक्षा, बेरोजगारी, उच्च तकनीकी शिक्षा, विभिन्न कुरीतियों के निवारण हेतु समाज के प्रत्येक गांव तक उनसे होने वाले नुकसान की जानकारी प्रदान करनी होगी। हमें सच्चाई स्वीकार करनी होगी। अन्य समाजों में जहां वर्षभर विभिन्न आयाजनों से समाज के सभी वर्गो का मिलना होता है तथा समाज के आर्थिक सामाजिक एवं राजनैतिक हालातों पर चिंतन मनन होता है ।

हमारे समाज में भी अनेकों बुद्धिजीवी है कलेक्टर, जज, वैज्ञानिक, इंजिनियर, डॉक्टर, सी.ए., उद्योगपति, कृषि वैज्ञानिक तथा शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पद पर आसीन अनेकों पदाधिकारीगण है जो समाज को सही मार्ग दर्शन प्रदान कर सकते है परन्तु संस्थान की राजनैतिकरण के चलते वे स्वयं चाह कर भी सहयोग नहीं कर पाते है। जरा सोचिए हमें उनकी सेवाओं का लाभ उठाना चाहिए या नहीं क्यों नहीं हम उनसे मार्गदर्शन से समाज को वर्तमान में अनेकों विकास कार्यो में भागीदारी के लिए हमारे युवाओं को यथासंभव सहयोग प्रदान करें।

संस्थान अध्यक्ष हमेशा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के आर्दशों की बातें करते है क्या उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में समाज में जागरूकता के लिए प्रयास किए है ? नहीं संस्थान अध्यक्ष केवल अपने राजनैतिक कैरियर के लिए संस्थान के प्लेटफार्म का दुरूपयोग कर रहे है अगर वे सच्चे मन से सरकारी योजनाओं के बारे में समाज के सभी वर्गो को जानकारी देने के साथ उनको योजनाओं का लाभ पंहुचाने के लिए प्रयास करते तो कृषि प्रधान समाज को सरकार की अनेकों योजनाओं से फायदा मिलता ।

हमारे अध्यक्ष महोदय केवल लच्छेदार भाषणों से समाज को भ्रमित करते है। धरातल पर समाज सुधार के लिए उनके प्रयास नाकाफी है हमें आशा है कि हमारी कड़वी बातों का अन्यथा न लेकर वे समाज हित के लिए सभी के सहयोग से समाज उत्थान हेतु कार्य करेगें जिसके लिए संस्थान के विभिन्न वर्गो ने उन्हें यह पद दिया है सच्ची समाजसेवा से ही समाज का विकास संभव है।

# माली सैनी समाज में लगने वाले गोत्र (उपनाम)

**स्वजातिय बन्धुओं के लिए अलग-अलग राज्यों राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से गोत्र संकलन करके लिखे गए है जो कि अपने माली (सैनी) समाज से सम्बन्ध व रिश्तों में जुड़े हुए है।**

➡ **माली (सैनी) समाज में लगने वाले गोत्र (उपनाम) की संख्या 596 जो ज्ञात है**

➡ माली (सैनी) समाज परिवारों में गोत्र (उपनाम) में इनके नख्वा (खाप) है।

- 66 गोत्र के साथ चौहान लगाते है।
- 11 गोत्र के साथ टांक लगाते है
- 10 नख (खाप) महावर गोत्र में लगते है।
- 7 नख (खाप) भाटी गोत्र में लगते है।
- 5 नख (खाप) जादम गोत्र में लगते है।
- 5 नख (खाप) गेहलोत गोत्र में लगते है।
- 5 नख (खाप) तंवर गोत्र में लगते है।
- 4 नख (खाप) गेहलोत गोत्र में लगते है।3
- 4 नख (खाप) कच्छावा गोत्र में लगते है।
- 3 नख (खाप) सोलंकी गोत्र में लगते है।

यह विवरण गोत्र (उपनाम) की सूची में नख (खाप) प्रकाशित है कृपया सूची देखें।

| क्र.सं. | गोत्र (उपनाम) | क्र.सं. | गोत्र (उपनाम) | क्र.सं. | गोत्र (उपनाम) | क्र.सं. | गोत्र (उपनाम) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गहलोत (कुचेरा, पिपाड़ा) | 27 | सुईवाल | 53 | निरवाणा (चौहान) | 79 | गोलका (टांक) |
| 2 | दग्दी (टांक) | 28 | कुवाल | 54 | बनासिया (चौहान) | 80 | बड़ोलिया |
| 3 | सांखला | 29 | बड़ीवाल (चौहान) | 55 | मटवाई (चौहान) | 81 | तोड़शिया |
| 4 | मारोठिया (टांक) | 30 | परिहार | 56 | बिटरवाल | 82 | पाड़ोलिया |
| 5 | महावर | 31 | सरसवाल | 57 | गगांगड़ा (टांक) | 83 | पाड़ीवार |
| 6 | भाटी (जे.) | 32 | तुनगरिया | 58 | निम्बावत | 84 | सोपरिया |
| 7 | चौहान (सो.) | 33 | पापटवाल (चौहान) | 59 | गिजावरा | 85 | धारीवाल |
| 8 | कच्छावा | 34 | खरोलिया (चौहान) | 60 | मावर | 86 | सिघाड़िया |
| 9 | सतरावला (चौ) | 35 | मोथा (टांक) | 61 | कुशवाह | 87 | बीघा (टांक) |
| 10 | बनिष्टिया (टाक) | 36 | बागवाल | 62 | हलदिया | 88 | मुलक पुरिया |
| 11 | अलुदिया (चौ.) | 37 | कनवासिया (राठौर) | 63 | गोड़ी (टांक) | 89 | धमरेठ |
| 12 | पालड़िया (टाक) | 38 | बबेरवाल (चौहान) | 64 | करोड़ीवाल (चौहान) | 90 | निवाईवान |
| 13 | उबाणा (चौहान) | 39 | बछेरिया (चौहान) | 65 | देवलिया | 91 | गुरूकन्धा |
| 14 | ढलवाल (तंवर) | 40 | खांडोलिया (चौहान) | 66 | बीजवाड़ा (चौहान) | 92 | कमोकड |
| 15 | जादम | 41 | देवड़ा (चौहान) | 67 | झाडुलिया (चौहान) | 93 | फतेहवाल |
| 16 | तुन्दवाल | 42 | पाथरिया (चौहान) | 68 | सैनी | 94 | धुवारया (चौहान) |
| 17 | गढवाल (चौहान) | 43 | डिया | 69 | कोटरिया | 95 | गंगरालिया |
| 18 | सिंगोदिया (सिसोसिदया) | 44 | भाटी (सीघड़ा) | 70 | भाटी (स्वालक्या) | 96 | खटोरिया |
| 19 | पंवार | 45 | आमलिया (चौहान) | 71 | भवानीवार | 97 | सामरिया |
| 20 | बागड़ी (चौहान) | 46 | चांदोलिया | 72 | राठौर | 98 | पाल्या |
| 21 | अजमेरा (चौहान) | 47 | चांगवांल | 73 | पहाड़ीवाल | 99 | खाट्या |
| 22 | तंवर | 48 | पाथरा | 74 | कटारिया | 100 | छारोडिया (मावर) |
| 23 | इन्दौरा | 49 | भवानीवाल | 75 | डाबी | 101 | मिटावा |
| 24 | सोलंकी | 50 | बाघवाड़ (चौहान) | 76 | मौर्य | 102 | गुलगांवा |
| 25 | पिलकन्या (चौहान) | 51 | बिसनालिया(चौहान) | 77 | बंवल्या (चौहान) | 103 | देवरिया |
| 26 | डारीवाल | 52 | बरथूनिया | 78 | वीरपुरा | 104 | अजमेरिया |

**शेष अगले अंक में....**

# समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

## श्री परमार अध्यक्ष एवं श्री गेहलोत युवा अध्यक्ष बने

इन्दौर। श्री गुजराती रामी माली समाज इन्दौर का वार्षिक स्नेह सम्मेलन नंदानगर स्थित धर्मशाला में सौल्लास सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे श्री कमल वाघेला (महामंत्री भाजपा इन्दौर) श्री यादवलाल चौहान (प्रांतीय अध्यक्ष समाज), विशेष अतिथि श्री गजानन्द रामी (स. वनमाली कोषाध्यक्ष समाज), श्री दुर्गेश वम्र (उप. कोषाध्यक्ष समाज), श्री कैलाशजी चौहान (सहसचिव समाज), श्री गिरधारीलाल गौड़ (वरिष्ठ समाजसेवी ग्रा. आमला), डॉ. प्रेमचद पुष्पाकर (समाजसेवी इन्दौर) एवं अध्यक्षता की इन्दौर के समाजसेवी श्री निरंजन परमार ने। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम एवं महात्मा फूले के चित्रों पर माल्याप्रण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। पश्चात स्वागत भाषण दिया।

इन्दौर समाज अध्यक्ष श्री गिरधारीलाल वाघेला ने अपने उद्‌बोधन में श्री गजानन्द रामी ने समाज संगठन एवं एकजुटता का आव्हान किया व कहा कि हमें महात्मा फूले के बताये गए मार्गो पर चलना है व आगे बढ़ना है। श्री दुर्गेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा समाज प्रांतीय अध्यक्ष के नेतृत्व में अच्छा कार्य कर रहा है। श्री कमल वाघेला ने कहा कि मित्रों हर समस्या का समाधान राजनीति है अगर हमें आगे बढना है तो हमें राजनैतिक क्षेत्र में आगे बढना होगा। आज मुझे इन्दौर में महामंत्री पद पार्टी ने दिया है उससे मेरी व मेरे परिवार की बहुत मेहनत रही है एवं समाज को बहुत आशीव्राद हैं डॉ. प्रेम पुष्पाकर ने चिर परिचित अंदाज में कविता व गाने सुनाये। श्री यादवलाल चौहान ने कहा कि आज आपके सहयोग व आशीर्वाद से पूरे प्रदेश में रामी शाखा का बोल बाला है। विगत दिनों नि:शुल्क वैवाहिक कार्यक्रम व लक्की ड्रा सफल हुआ है जो सराहनीय है 98 जोड़ों ने विवाह में अपना नवजीवन आरंभ किया व लक्की ड्रा में समाज को लगभग 23 लाख रूपये का लाभ प्राप्त हुआ है। जो समाज का मेहनत का परिणाम है। श्री गिरधारीलाल गौड ने समाज में जागरूकता के कार्यक्रम करेन की बात कही।

पश्चात सभी अतिथियों का साफा बांधकर सम्मान किया गया। साथ ही श्री गिरधारीलाल गौड़ के सुपुत्र डॉ. परमानन्द गौड को बीडीएस बनने पर सम्मानित किया गया।


इसके बाद पेढी संचालक श्री देवीलालजी चौहान ने सम्मानित किया। इसके बाद पेढी संचालक श्री देवीलालजी चौहान ने पेढी का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। पश्चात चुनाव प्रक्रिया चालु हुई जिसमें श्री कैलाशजी वर्मा द्वारा श्री राधेश्याम परमार को समाज अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पेश किया जिसका समर्थन श्री केशवरामजी चौहान ने दिया। साथ ही युवा अध्यक्ष बनने के लिए श्री मयूर गहलोत के नाम का प्रस्ताव श्री यादवलाल चौहान द्वारा किया गया जिसका समर्थन श्री गिरधारीलाल वाघेला ने किया। इसी तरह श्री परमार व श्री गहलोत निर्विरोध अध्यक्ष बने। जिसका करतल ध्वनि से स्वागत समाजजनों ने किया। इसके बाद सिलसिला शुरू हुआ इन्दौर स्थानीय समाज के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत करने का।



# जोधपुर स्थापना दिवस

### पर विशेष

संकलनकर्ता : रीतू देवड़ा



यह दुर्ग फरिश्तों और देवताओं द्वारा निर्मित लगता है। पूनम की रात में दूधिया चांदनी से नहाया हुआ यह दुर्ग पहाड़ी पर बैठे हुए किसी जटाधारी ऋषि के सामन पद्मासन की मुद्रा में आसीन तपस्वी के समान शांत और निर्भिक नजर आता है। अमावस की काली रात में बिजली की रोशनी में दुर्ग के महल ऐसे नजर आते है, मानो उंची पहाड़ी पर ज्वालामुखी के मुख से जलता हुआ लावा फूटने को हैं दस मील दूर पाली या जयपुर मार्ग से रेलगाड़ी व बस मे बैठे यात्रियों को यह दुर्ग पहाड़ी पर रखे चमचमाते कोहिनूर हीरे के समान दैदीप्यान नजर आता है। यह शौर्यपूर्ण मारवाड़ के गोरवपूर्ण इतिहास का कीर्ति स्तम्भ भी है जो अजेय यौद्धा के समान सुदृढ़ता से चिड़ियाटूक पहाड़ी पर अडिगतापूर्वक स्थिर है।

# मुख्यमंत्री ने किया सुमेरपुर की गौरव गाथा का विमोचन



मुख्यमंत्री निवास पर प्रातः 11 बजे अशोक गहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के कर कमलों द्वारा ''सुमेरपुर की गौरव गाथा'' का विमोचन किया गया तथा इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष मोती बाबा फूले तथा सुमेरपुर शताब्दी महोत्सव के संयोजक मांगीलाल परिहार सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सनातन ज्योतिष पंचांग के शताब्दी विशेषांक के सम्पादक पं. सुरेश कुमार गौड़ को बधाई देते हुए इनके सम्पादन की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा सम्पादक गौड़ ने इस अवसर पर बताया कि सुमेरपुर नगर की स्थापना से शताब्दी महोत्सव तक 100 साल की गौरवमयी यात्रा का इतिहास इस स्मारिका में संजोया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस अवसर पर शताब्दी महोत्सव के संयोजक मांगीलाल परिहार व पं. सुरेश गौड़ के अथक प्रयासों से आयोजित शताब्दी समारोह के सफल ऐतिहासिक आयोजन करने पर साधुवाद दिया तथा नगरपालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र अग्रवाल को भी साधुवाद दिया।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर पक्षियों के लिए परिण्डें लगायें

दिनांक 03.05.2012। राजस्थान के लोकप्रिय एवं ऊर्जावान मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर लम्बी आयु के लिए माली समाज वेलफेयर सोसायटी एवं सिरोही के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में जन्म दिवस मनाया गया। अध्यक्ष रघुनाथ पी. माली ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर शहर के विभिन्न पक्षी स्थलों एवं जलदाय विभाग चौराहा, भैरूजी मन्दिर, आशापुरी टेकरी आदि पक्षी स्थलों पर कुल 25 परिन्दे मय घौसलें एवं 50 किलो पक्षियों के दाने की व्यवथा की गई। जिससे भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी की व्याकुलता से निजात मिलेगी तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की लम्बी आयु के लिए श्री सुभाषनाथजी महाराज आबूराज के सानिध्य में आशापुरी टेकरी में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शंकरलाल माली, प्रकाश बी. माली, परेश रावल, दलपत माली, पुखराज गहलोत, प्रकाश माली (केबल) उत्तम माली, हीरालाल, सुरेन्द्र लोढा, सुरेन्द्रसिंह, राजेन्द्रसिंह, छोगाराम माली, प्रकाश पटेल आदि दर्जनों की तादाद में लोग उपस्थित थे।



# क्या आपके पास अपने देश के लिए दस मिनट का समय हैं ?

**क्या आपके पास अपने देश के लिए दस मिनट का समय हैं ? यदि हॉं, तो इसे पढ़िए वर्ना मर्जी आपकी ।**

**आप कहते हैं** – हमारी सरकार निकम्मी हैं।
**आप कहते हैं** – हमारे कानून पुराने पड़ गये।
**आप कहते हैं** – नगरपालिका कचरा नहीं उठाती।

**आप कहते हैं** – फोन काम नहीं करता, रेलवे मजाक बन गई है, एयरलाईन दुनिया में हमारी सबसे खराब है, चिठ्‌टी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंचती है।

आप कहते है, कहते रहते हैं और कहते ही रहते हैं पर आपने इस बारे में क्या किया ?

सिंगापुर मं आप अपनी सिगरेट का टुकड़ा सड़कों पर नहीं फेंकतें और स्टोर में खाते भी नहीं हैं।

आपको उनके भूमिगत सम्पर्को पर रश्क महसूस होता हैं। आप शाम पांच से आठ बजे के बीच आर्चर रोड़ पर कार चलाने का करीब साठ रूपये भुगतान करते हैं।

अगर पांर्किग में आपने निर्धारित समय से ज्यादा गाड़ी खड़ी की तो टिकट पंच कराते है, लेकिन सिंगापुर में कुछ नहीं कहते हैं। कहते हैं क्या ? दुबई में आप रमजान के दिनों में सार्वजनिक रूप से कुछ भी खाने का साहस नहीं करते। जेद्‌दाह में बिना सिर ढ़के बाहर नहीं निकलते।

वाशिंगटन में आप 55 मील प्रतिघण्टा से ऊपर गाड़ी चलाने की हिमाकत नहीं करते और पलट कर सिपाही से यह भी नहीं कहते कि जानता हैं मैं कौन हूँ। मैं फलां हूँ और फलां मेरा बाप हैं।

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड के समुद्र तटों पर आप खाली नारियल हवा में नहीं उछालते। टोक्यों में आप सड़कों पर पान की पीक क्यों नहीं थूकते ? बोस्टन में आप जाली योग्यता प्रमाण-पत्र क्यों नहीं खरीदतें ?

''मैं आप ही के बारे में बात कर रहा हॅं, सिर्फ आपकें। '' आप दूसरे देशों की व्यवस्था का आदन और पालन कर सकते हैं लेकिन अपनी व्यवस्था का नहीं। भारतीय धरती पर कदम रखते ही आप सिगरेट का टुकड़ा जहां-तहां फेंकते हैं। कागज के पुर्जे उछालते हैं। यदि आप पराए देश मं प्रशंसनीय नागरिक हो सकते हैं तो यहां भारत में ऐसा क्यों नहीं बन सकते।

अमीर लोग अपने कुत्तों को सड़कों पर घुमाने निकलते हैं और जहां-तहां गंदगी बिखेरकर आ जाते हैं और फिर वहीं लोग सड़कों पर गंदगी के लिए प्रशासन पर दोष मंढ़ते हैं। क्या आप उम्मीद करते हैं कि जब भी बाहर निकलेगें तो एक अधिकारी झाडू लेकर आपके पीछे-पीछे चलेगा और जब कुत्तें को हाजत लगेगी तो वह एक कटोरा उसके पीछे लगाएगा ? अमेरिका और जापान में कुत्ते के मालिक को उसकी छोड़ी हुई गंदगी साफ करनी पडती हैं।




हम सोचते हैं कि हमारे हर काम सरकार करेगी और हम फर्श पर पड़ा हुआ रद्दी का कागज उठाकर उस कूड़ेदान में डालने की जेहमत तक नहीं उठाएंगे। रेलवे हमारे लिए साफ-सूथरे बाथरूम देगी ओर हम उन्हें ठीक से इस्तेमाल करना भी नहीं सीखेगें। समाज की ज्वलंत समस्याओं पर भी हमारा ऐसा ही रवैया हैं। हम ड्राइंग रूम में बैठकर दहेज के खिलाफ गला फाड़ते हैं और अपने घर में इसका उल्टा करते हैं और बहाना देखिए-

पूरी व्यवस्था ही खराब हैं। अगर मैं अपने बेटे की शादी में दहेज नहीं लूंगा तो इससे कौन सा बड़ा फर्क पड़ जाएगा। इस व्यवस्था को बदलेगा कौन ? यह व्यवस्था हैं किसकी ? आप आसानी से कह देगें, व्यवस्था में शामिल हैं हमारे पड़ौसी, आसपास के घर के, अन्य शहरवासी, अन्य समुदाय और सरकार। लेकिन मैं और आप कतई नहीं। हर कोई देश को गाली देने को तैयार हैं पर व्यवस्था में सकारात्मक योगदान के बारे में नहीं सोचता। क्या हमनें अपनी आत्मा को पैसे के हाथों गिरवी रख दिया हैं ? नागरिकों के सकारात्मक योगदान के लिए श्रेष्ठ नागरिक बनने की शुरूआत करें।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचन्द्र सोलंकी पुत्र श्री गोविन्दराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश गेहलोत पुत्र स्व. श्री बलदेवसिंहजी जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्रीबाबूलाल टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्री बंशीलाल मारोठिया पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल गेहलोत पुत्र श्री दयाराम जोधपुर
श्री सोहनलाल देवड़ा पुत्र श्री हापुराम देवड़ा मथानियां
श्री अमृतलाल परिहार पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार (उपाध्यक्ष नगर पालिका) बालोतरा
श्री रमेश कुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत बालोतरा
श्री लक्ष्मीचन्द सुंदेशा पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा बालोतरा
श्री वासुदेव गहलोत पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत बालोतरा
श्री महेश बी. चौहान पुत्र श्री भगवानदास चौहान बालोतरा
श्री हेमाराम माली पुत्र श्री रूपाराम पंवार बालोतरा
श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री हरिराम पंवार बालोतरा
श्री छगनलाल गहलोत पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत बालोतरा
श्री सोनाराम सुंदेशा पुत्र श्री पूनम सुंदेशा बालोतरा
श्री सुजाराम सुंदेशा पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा बालोतरा
श्री नरेन्द्र कुमार पंवार पुत्र श्री अणदाराम पंवार बालोतरा
श्री शंकरलाल (पार्षद) पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार बालोतरा
श्री घेवरचंद पंवार पुत्र श्री भोमजी पंवार बालोतरा
श्री रामकरण माली पुत्र श्री किसनाराम माली बालोतरा
श्री रतन परिहार पुत्र श्री देवजी परिहार बालोतरा
श्री कैलाश काबली (अध्यक्ष माली समाज) पाली
श्री घीसाराम देवड़ा (मंडल महामंत्री भाजपा) भोपालगढ़
श्री शेषाराम श्यामलाल टाक पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल माली (सरपंच महिलावास) सिवाणा
श्री रमेश कुमार सांखला सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाह, लवेरा बावड़ी
संत हजारीलाल गहलोत जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार डीसा
श्री हितेश भाई मोहन भाई पंवार डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी डीसा
श्री मगनलाल गीगा जी पंवार डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा डीसा
श्री नवीनचन्द दलाजी गहलोत डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाह डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा डीसा

श्री सुखदेव वक्ता जी गहलोत डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी डीसा
श्री किशोर कुमा सांखला डीसा
श्री बाबुलाल गीगाजी टाक डीसा
श्री देवचन्द रगाजी कच्छवाह डीसा
श्री सतीश कुमार लक्ष्मीचन्द सांखला डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाह डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाह डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी डीसा
श्री अशोक कुमार पुनमाजी सुंदेशा डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार सोढ़ो की ढाणी
श्री सम्पतसिंह पुत्र श्री बींजारामजी गहलोत जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत जोधपुर
श्री जितेन्द्र पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छवाह जोधपुर
श्री सीताराम सैनी पुत्र श्री सुरजमल सैनी सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी सर्वोदय सोसायटी जोधपुर
श्री जयनारायण गहलोत चौपासनी चारणान मथानियां
श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी गेंवा जोधपुर
श्री रामेश्वरलाल (सुशील कुमार) गहलोत जोधपुर
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी चौखा
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कम्पनी भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भगवती खाद बीज भण्डार भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार राजस्थान फार्मेसिया जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेंट सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी सोजतरोड़
श्री राम अकेला पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा देवड़ा मोटर्स जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला सांखला सिमेंट जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र स्व. श्री बींजाराम गहलोत जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी भीनमाल
श्री सांवरराम परमार भीनमाल
श्री भारताराम परमार भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल

श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार भीनमाल
श्री डी.डी.भाटी पुत्र श्री भंवरलाल भाटी जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार सूरसागर जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत गहलोत सूरसागर जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी आदमपुरा
श्री अशोक सांखला पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला जोधपुर
श्री नटवरलाल माली जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत जोधपुर
श्री अमित पंवार जोधपुर
श्री राकेश कुमार सांखला जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार बालोतरा
श्री अरविन्द सोलंकी जोधपुर
श्री सुनिल गहलोत जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार जोधपुर
श्री मनीष गहलोत जोधपुर
श्री योगेश भाटी अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा बिलाड़ा
श्री प्रकाशचन्द सांखला ब्यावर
श्री झुमरलाल गहलोत जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी जोधपुर
श्री महावीरसिंह भाटी जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा जोधपुर
श्री अशोक टाक जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत सालावास जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा मध्यप्रदेश

# माली सैनी संदेश

## ही क्यों ?




**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई.
सहित पांच हजार पाठकों
का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक
गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी
जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे
देश ही नहीं विदेश में भी।

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग
मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स
के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# श्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर प्रदेश में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियां


62 फीट का केक काट जश्न मनाते कांग्रेसी कार्यकर्ता


भारत सेवा संस्थान जोधपुर द्वारा बुजुर्गों के लिए रोडवेज रियायती कार्ड



चित्तौड़गढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर


सैनी छात्रावास अलवर में हवन करते विद्यार्थी


ब्यावर में पोस्टर का विमोचन करते कार्यकर्ता


जोधपुर में बधाई सन्देश लिखते कार्यकर्ता



महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के रक्तदान शिविर का पोस्टर लोकार्पण


सिरोही में जन्म दिवस मनाते कार्यकर्ता

NO. RAJHIN12897/20/1/2004-TC

आरपीईटी में अंकित देवड़ा का राजस्थान में प्रथम स्थान



गुदड़ी के लाल अंकित देवड़ा की एक साथ
कई प्रतियोगी परिक्षाओं में रिकार्ड सफलता

आरपीईटी में संपूर्ण राजस्थान में प्रथम स्थान

एआई ईईई में संपूर्ण राजस्थान में 15वीं रैंक

आई आई टी में संपूर्ण भारत में 375वीं रैंक

आई सेट;ईसरोद्ध में संपूर्ण राजस्थान में 99वीं रैंक

देवड़ा मोटर्स परिवार – पावटा सी रोड़, जोधपुर

मो.: 98290 26069



टिटोड़ी के अण्डे से बच्चे को निकलते हुए दृश्य को कैमरे में कैद किया
माली सैनी सन्देश के फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा ने

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक मनीष गहलोत के लिए मुद्रक
मोहम्मद मुस्लिम द्वारा हिन्दुस्तान प्रिण्टिंग हाउस इन साईड ईदगाह कम्पाउण्ड
जालोरी गेट, जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय,
31, गणपति मार्केट नई सड़क, जोधपुर से प्रकाशित।

फोन : 09414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org